NCDC
Assisting Cooperatives. Always!

# राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम
## (संसदीय अधिनियम के अंतर्गत एक सांविधिक निकाय)

विज्ञापन. सं. 1/2022

**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी.) में अनुबंध के आधार पर उप प्रबंध निदेशक/वरिष्ठ परामर्शदाता/परामर्शदाता/यंग प्रोफेशनल्स की भर्ती**

राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एन.सी.डी.सी.), सहकारिता मंत्रालय के तहत भारत सरकार का एक सांविधिक निगम है, जिसकी स्थापना सहकारी समितियों के माध्यम से आर्थिक विकास करने हेतु एक संसदीय अधिनियम (एन.सी.डी.सी. अधिनियम 1962) के अंतर्गत हुई । निगम का मुख्य उद्देश्य उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि तथा फसलोत्तर सुविधाओं को गठित करने हेतु कृषक सहकारितओं का संवर्धन, सुदृढीकरण तथा विकास करना है। **राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम निम्नलिखित पदों के लिए अनुबंध के आधार पर अर्ह व्यक्ति (व्यक्तियों) से आवेदन आमंत्रित करता है : -**

| पद एवं पारिश्रमिक | रिक्तियों की संख्या | तैनाती के संभावित स्थान | अनुबंध अवधि | आयु सीमा | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| **1. उप प्रबंध निदेशक**<br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 55 वर्ष | ***अनिवार्यः*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए./ किसी भी स्ट्रीम में स्नातकोत्तर डिग्री सहकारिता/वित्त/बैंकिंग क्षेत्र में कार्यपालक क्षमता में 25 वर्षों का अनुभव। |
| **2. वरिष्ठ परामर्शदाता (वित्त)**<br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 52 वर्ष | ***अनिवार्यः*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वितीय/विकासात्मक संस्थान में वित, लेखा, लागत निर्धारण, कराधान, जोखिम मूल्यांकन, लेखा परीक्षा, संसाधन प्रबंधन, परियोजना मूल्यांकन, वित्तपोषण, निगरानी, मूल्यांकन तथा संबद्ध क्षेत्रो में कार्यपालक क्षमता में 15 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| **3. परामर्शदाता (जोखिम प्रबंधन)**<br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 45 वर्ष | ***अनिवार्यः*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वितीय/विकासात्मक संस्थान में जोखिम मूल्यांकन में कार्यपालक क्षमता में 8 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| **4. परामर्शदाता (कराधान)**<br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 45 वर्ष | ***अनिवार्यः*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वितीय/विकासात्मक संस्थान में कराधान में कार्यपालक क्षमता में 8 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| **5. परामर्शदाता (बाजार कर्ज)**<br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 45 वर्ष | ***अनिवार्यः*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वितीय/विकासात्मक संस्थान में बाजार कर्ज में कार्यपालक क्षमता में 8 वर्ष का कार्य अनुभव। |

| पद एवं पारिश्रमिक | रिक्तियों की संख्या | तैनाती के संभावित स्थान | अनुबंध अवधि | आयु सीमा | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| **6. परामर्शदाता (बैंकिंग अधिनियम)**<br><br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 45 वर्ष | ***अनिवार्य:*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए./ सी.एस.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वित्तीय/विकासात्मक संस्थान में सहकारी समितियों के लिए बैंकिंग अधिनियमों से संबंधित मामलों से निपटने का कार्यपालक क्षमता में 8 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| **7. परामर्शदाता (कृषि वित्त)**<br><br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 45 वर्ष | ***अनिवार्य:*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वित्तीय/विकासात्मक संस्थान में सहकारी समितियों के माध्यम से कृषि वित्त (अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक ऋण) से संबंधित मामलों से निपटने का कार्यपालक क्षमता में 8 वर्ष का कार्य अनुभव। |
| **8. परामर्शदाता (सहकारी कराधान)**<br><br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 45 वर्ष | ***अनिवार्य:*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए.<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वित्तीय/विकासात्मक संस्थान में सहकारी समितियों के कराधान से संबंधित मामलों से निपटने का कार्यपालक क्षमता में 8 वर्ष का कार्य अनुभव । |
| **9. परामर्शदाता (विपणन)**<br><br>**पारिश्रमिक - निगोशिएबल** | 1 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 45 वर्ष | ***अनिवार्य:***<br>किसी प्रतिष्ठित संस्थान से विपणन में एमबीए ।<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/ वित्तीय संस्थान में विपणन में 8 वर्षों का कार्य अनुभव । |
| **10. यंग प्रोफेशनल -II (वित्त)**<br>**रुपये 70,000 – 1,00,000/-** | 4 | मुख्यालय, नई दिल्ली | 3 वर्ष | 35 वर्ष | ***अनिवार्य:*** सी.ए./आई.सी.डब्ल्यू.ए.<br><br>***वांछनीय:***<br>i) सीएस अर्हता वाले अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी ।<br>ii) शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी वित्त/बैंक/ वित्तीय/विकासात्मक संस्थान में वित्त/ लेखा में 2 वर्षों का कार्य अनुभव । |

<table>
<tr><th>पद एवं पारिश्रमिक</th><th>रिक्तियों की संख्या</th><th>तैनाती के संभावित स्थान</th><th>अनुबंध अवधि</th><th>आयु सीमा</th><th>अर्हता</th></tr>
<tr><td>11. यंग प्रोफेशनल -I (मीडिया संचार) रुपये 50,000/-</td><td>2</td><td>मुख्यालय, नई दिल्ली</td><td>3 वर्ष</td><td>35 वर्ष</td><td>अनिवार्य:<br><br>i) जनसंचार में स्नातकोत्तर या पत्रकारिता में स्नातकोत्तर या जनसंपर्क में स्नातकोत्तर या मास मल्टीमीडिया एवं संचार में स्नातकोत्तर<br><br>ii) संस्थागत दृश्यता बढ़ाने हेतु उपकरणों एवं तकनीकों का उपयोग करने का उत्कृष्ट कार्य निष्पादन सहित न्यूनतम 2 वर्ष का संचार प्रोफेशनल के रूप में व्यावसायिक कार्य अनुभव, मीडिया के सभी रूपों के माध्यम से विविध और व्यापक संचार रणनीतियों पर काम करने का अनुभव, विषय सृजन एवं माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस पैकेजेस, एडोब इलुस्ट्रेटर, इन-डिज़ाइन, कैनवा, फोटोशॉप में दक्षता, इन-डिज़ाइन, इलुस्ट्रेटर, जी.आई.एफ. सृजन सॉफ़्टवेयर जैसे डिज़ाइन सॉफ़्टवेयरो का कुशल ज्ञान रखने बाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी ।</td></tr>
<tr><td>12. यंग प्रोफेशनल -I (विपणन) रुपये- 50,000/-</td><td>31<br>
<table>
<tr><th>कार्यालय</th><th>पद</th></tr>
<tr><td>मुख्यालय, नई दिल्ली</td><td>2</td></tr>
<tr><td>बैंगलोर</td><td>1</td></tr>
<tr><td>भुवनेश्वर</td><td>1</td></tr>
<tr><td>भोपाल</td><td>1</td></tr>
<tr><td>चंडीगढ़+</td><td>3</td></tr>
<tr><td>चेन्नई</td><td>1</td></tr>
<tr><td>देहरादून</td><td>1</td></tr>
<tr><td>गांधीनगर</td><td>1</td></tr>
<tr><td>गुवाहाटी$</td><td>7</td></tr>
<tr><td>हैदराबाद *</td><td>2</td></tr>
<tr><td>जयपुर</td><td>1</td></tr>
<tr><td>कोलकाता#</td><td>2</td></tr>
<tr><td>लखनऊ</td><td>1</td></tr>
<tr><td>पटना</td><td>1</td></tr>
<tr><td>पुणे@</td><td>2</td></tr>
<tr><td>रायपुर</td><td>1</td></tr>
<tr><td>रांची</td><td>1</td></tr>
<tr><td>शिमला</td><td>1</td></tr>
<tr><td>त्रिवेन्द्रम</td><td>1</td></tr>
<tr><td>कुल</td><td>31</td></tr>
</table></td><td>मुख्यालय, नई दिल्ली /क्षेत्रीय कार्यालय</td><td>3 वर्ष</td><td>32 वर्ष</td><td>अनिवार्य:<br><br>किसी प्रतिष्ठित संस्थान से विपणन में एम.बी.ए.<br><br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक/वितीय संस्थान में विपणन में 3 वर्ष का कार्य अनुभव ।<br><br>राज्य की क्षेत्रीय भाषा में पारंगत होने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पर ही संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्ति देने हेतु विचार किया जाएगा । यंग प्रोफेशनल उन्हें आवंटित संबंधित राज्य में कार्य करेंगे।</td></tr>
</table>

| पद एवं पारिश्रमिक | रिक्तियों की संख्या | तैनाती के संभावित स्थान | अनुबंध अवधि | आयु सीमा | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|
| **13. यंग प्रोफेशनल-I (वित्त)**<br>**20,000 रु.- 40,000/-** | 6<br><br>कार्यालय – पद<br>मुख्यालय, नई दिल्ली – 4<br>पुणे – 1<br>त्रिवेन्द्रम – 1<br>कुल – 6 | मुख्यालय, नई दिल्ली/ क्षेत्रीय कार्यालय | 3 वर्ष | 32 वर्ष | ***अनिवार्यः***<br>सी.ए.- इंटरमीडीएट/आई.सी.डब्ल्यू.ए.- इंटरमीडीएट /एम.कॉम<br>राज्य की क्षेत्रीय भाषा में पारंगत होने वाले अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी पर ही संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में नियुक्ति देने हेतु विचार किया जाएगा ।<br><br>***वांछनीयः***<br>शैक्षिक योग्यता के उपरान्त किसी बैंक / वित्तीय / विकासात्मक संस्थान में वित, लेखा, लेखापरीक्षा, परियोजना मूल्यांकन में 1 वर्ष का कार्य अनुभव। |

+हरियाणा, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख

$ अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड तथा त्रिपुरा

*आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना

# पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम

@महाराष्ट्र एवं गोवा

**नियम एवं शर्तें:**

- विज्ञापित रिक्तियों की संख्या आवश्यकता के अनुसार घटाई-बढ़ाई जा सकती है ।
- उम्मीदवार, जो एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्येक आवेदन के लिए अलग-अलग प्रपत्रों का उपयोग करना पड़ेगा ।
- नियुक्ति पूरी तरह से अनुबंध के आधार पर होगी तथा एन.सी.डी.सी. या इससे जुड़े संगठनों में नियमित नियुक्ति का कोई भी अधिकार प्राप्त नहीं होगा। संविदात्मक व्यक्ति राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम में सेवा के किसी भी लाभ/मुआवजे/अवशोषण/नियमितीकरण का अधिकारी नहीं होगा। संविदात्मक व्यक्ति औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 या अनुबंध श्रम (विनियमन और उन्मूलन) अधिनियम, 1970 के प्रावधान के तहत एन.सी.डी.सी. के साथ सेवा में किसी भी लाभ/मुआवजे/अवशोषण/ नियमितीकरण का दावा नहीं करेगा।
- प्रोफेशनल्स को प्रारंभ में 3 साल की अवधि के लिए अनुबंधित किया जाएगा जिसे आवश्यकता के अनुसार एक बार में 1 वर्ष हेतु एवं अधिकतम 5 वर्ष तक के लिए विशिष्ट परियोजनाओं पर उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्रदान करने पर विस्तारित किया जा सकता है। हालांकि, प्रथम वर्ष के पश्चात् एवं बाद के वर्षों में उनके संबंधित पदों पर उनकी निरंतरता स्पष्ट रूप से परिभाषित प्रमुख प्रदर्शन संकेतकों पर आधारित संतोषजनक वार्षिक प्रदर्शन समीक्षा पर निर्भर होगी।
- एन.सी.डी.सी., उप प्रबंध निदेशक/वरिष्ठ परामर्शदाता /परामर्शदाता/यंग प्रोफेशनल्स के पदों के लिए समेकित पारिश्रमिक का निर्धारण शैक्षणिक रिकार्ड, अनुभव और अंतिम आहरित वेतन के आधार पर करेगा। समेकित पारिश्रमिक, लागू करों सहित होगा एवं कोई अन्य सुविधा या भत्ते अनुमन्य नहीं होंगे । पारिश्रमिक का भुगतान मासिक आधार पर किया जाएगा । पारिश्रमिक, अनुभव/योग्यता एवं चयन समिति की सिफारिश के आधार पर निगोशिएबल होगा। वार्षिक वेतन वृद्धि संतोषजनक प्रदर्शन के अधीन है ।
- **कार्य के घंटे, यात्रा संबंधी, दैनिक भत्ता, अवकाश इत्यादी:** अनुबंधित व्यक्ति एन.सी.डी.सी. के संविदात्मक नियुक्तियों के लिए लागू प्रावधानों के अनुसार शासित होगा।

- यदि संविदात्मक व्यक्ति का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है अथवा वह सौंपे गए कार्यों को निष्पादित/कार्यान्वित करने में विफल रहता है या अन्यथा की दशा में अथवा वह अनुशासनहीन या अनुपस्थित पाया जाता है, तो एन.सी.डी.सी. एक महीने का नोटिस अथवा उसके बदले में एक महीने का मुआवजा देकर बिना कोई कारण बताए किसी भी समय अनुबंध को समाप्त कर सकता है। ।
- अनुबंधित व्यक्ति को कार्यभार ग्रहण करते समय अपनी आयु, योग्यता और अनुभव के समर्थन में मूल दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने होंगे, ऐसा न करने पर उनकी नियुक्ति का प्रस्ताव वापस ले लिया जाएगा।
- विज्ञापन में यथा अनुबंधित शैक्षिक योग्यता, आयु, अनुभव इत्यादि दिनांक 31.10.2022 के अनुसार निर्धारित किये जायेंगे ।
- मात्र अर्हता मापदंड की पूर्ति से अभ्यर्थी साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा हेतु पात्र नही होंगे । एन.सी.डी.सी. शैक्षणिक रिकार्ड/ अनुभव इत्यादि के आधार पर प्राथमिक शॉर्टलिस्टिंग कर सकता है । केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को ही साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा के लिए बुलाया जाएगा।
- एन.सी.डी.सी. बिना कोई कारण बताए किसी भी समय इस विज्ञापन को रद्द करने या वापस लेने का अधिकार रखता है। आवेदन विधिवत रूप से भरे हुए निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में समस्त स्व सत्यापित दस्तावेजों एवं नवीनतम फोटो के साथ दिनांक 31.10.2022 को 17:30 बजे तक career@ncdc.in पर विषय में "_______(पद का नाम) पद हेतु आवेदन" का उल्लेख करते हुए ई-मेल के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है । इस तिथि और समय के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा ।
- इस विज्ञापन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल न्याय क्षेत्र दिल्ली के अधीन होगा ।

----------------

**राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम**

**NATIONAL COOPERATIVE DEVELOPMENT CORPORATION**

**एन.सी.डी.सी. में अनुबंध के आधार पर उप प्रबंध निदेशक /वरिष्ठ परामर्शदाता/ परामर्शदाता / यंग प्रोफेशनल के पद हेतु आवेदन प्रोफार्मा**

| |
|---|
| नवीनतम स्वप्रमाणित फोटो |

1. पद हेतु आवेदन :.................................................................................

2. आवेदक का नाम : ..............................................................................

3. लिंग : ...............................................................................................

4. माता/पिता का नाम : .........................................................................

5. (i) जन्मतिथि (dd/mm/yyyy) : .........................................................................................

   (ii)आवेदन की अंतिम तिथि को आयु : ..........................................................................

6. स्थाई पता : .........................................................................................................................

   ..........................................................................................................................................

   ..........................................................................................................................................

7. स्थाई निवासी (प्रदेश का नाम): ...........................................................................................

8. वैवाहिक स्थिति: .................................................................................................................

9. धर्म: ....................................................................................................................................

10. (i) श्रेणी (अनारक्षित/अनु.जा./अनु.ज.जा./ अ.पि.व./ ई.डब्ल्यू.एस.):.................................

    (ii) उप श्रेणी (दिव्यांग/ भूतपूर्व सैनिक):..............................................................................

11. पत्र व्यवहार का पता : ........................................................................................................

    ..........................................................................................................................................

    ..........................................................................................................................................

12. फोन नंबर एवं ई-मेल आईडी : ..........................................................................................

    ..........................................................................................................................................

13. अन्य कोई संबंधित सूचना (यदि आवश्यक हो तो अलग से शीट संलग्न करें) .............................

    ..........................................................................................................................................

    ..........................................................................................................................................

14. भाषाओ का ज्ञान:

| भाषा | बोलचाल योग्य | पठन योग्य | लेखन योग्य |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

15. शैक्षणिक योग्यता:

(स्व-सत्यापित अंक तालिकाओं एवं प्रमाण पत्रों की प्रतियां संलग्न करें)

| परीक्षा का नाम | प्रमाणपत्र / डिग्री | बोर्ड/विश्वविद्यालय / कॉलेज | उत्तीर्ण वर्ष | ग्रेड/डिवीजन/कुल अंकों का कुल प्रतिशत | मुख्य विषय | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10वीं कक्षा/समकक्ष | | | | | | |
| 12वीं कक्षा/समकक्ष | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | | | |
| अन्य | | | | | | |

16. कार्य अनुभव (स्व-सत्यापित अनुभव प्रमाण पत्र के साथ पे स्लिप की प्रतियां संलग्न करें)

| कार्यालय /संगठन/नियोक्ता का नाम (नवीनतम से शुरू करें) | पद | अवधि | | पारिश्रमिक या पे स्केल, यदि लागू हो | कार्य की प्रकृति* | क्षेत्र (बैंक/वितीय/ विकासात्मक संस्थान इत्यादि) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कब से | कब तक | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

*संचालित किए गए प्रत्येक कार्य की विस्तृत जानकारी प्रदान करें

17. पद हेतु आपकी उपयुक्तता पर एक संक्षिप्त टिप्पणी करे :

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

18. क्या आपके खिलाफ कोई आपराधिक मामला लंबित है? यदि हां, तो कृपया विवरण दें: हां / नहीं

19. क्या आपको आपके जीवन में कभी किसी अदालत द्वारा दोषी ठहराया गया था? यदि हां, तो कृपया विवरण दें: हां / नहीं

20. क्या वर्तमान नियोक्ता के पास कोई वित्तीय देनदारियां/कोई अन्य दायित्व लंबित हैं? यदि हां, तो कृपया विवरण दें: हां / नहीं

21. क्या भारत सरकार के साथ इस संचालित कार्य करने से आपके कोई हितों का टकराव या आर्थिक हित है जो आपको मिल सकता है? यदि हां, तो कृपया विवरण दें: हां / नहीं

22. वचनबद्धता

(i) मैंने "भर्ती परिपत्र/विज्ञापन" को भली-भांति पढ़ लिया है तथा इसमें दिए गए नियमों एवं शर्तों से सहमत हूँ।

(ii) मैं अपनी शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव, जन्म तिथि, पता तथा मेरे द्वारा प्रस्तुत किए गए अन्य सभी दस्तावेजों के संबंध में मूल अभिलेखिये प्रमाण प्रस्तुत करने का वचन देता हूँ।

(iii) मैं समझता हूँ कि मैं, विज्ञापन के अनुसार अर्हता मापदंड जैसे आयु, शैक्षणिक योग्यता तथा आवश्यक अनुभव को पूरा करता हूँ। अयोग्यता के मामले में मेरा आवेदन मुझे सूचित किए बिना रद्द कर दिया जायेगा।

(iv) मैंने भर्ती परिपत्र/विज्ञापन को ध्यान से पढ़ा है और मुझे भली-भांति मालूम है कि मेरे द्वारा आवेदन पत्र में प्रस्तुत अनिवार्य योग्यता / कार्य अनुभव के संबंध में प्रस्तुत की गयी जानकारी अभिलेखीय समर्थित है तथा इसका मूल्यांकन चयन समिति द्वारा पद की भर्ती के समय किया जायेगा।

(v) यदि फॉर्म भरने और जमा करने के पश्चात हिरासत में लिया जाता हूँ अथवा दोषी ठहराया जाता हूँ अथवा प्रतिबंधित किया जाता हूँ, तो विवरण तुरंत एन.सी.डी.सी. को सूचित किया जाएगा, जिसमें विफल होने पर इसे तथ्यात्मक जानकारी को छुपाना माना जाएगा।

(vi) मेरे द्वारा प्रदान की गई जानकारी/विवरण मेरी जानकारी के अनुसार सही और सत्य हैं तथा मेरे चयन से संबंधित किसी भी तथ्य को छुपाया/रोका नहीं गया है। मैं समझता हूँ और सहमत हूँ कि चयन/साक्षात्कार से पहले या बाद में किसी भी समय किसी भी जानकारी के झूठ या गलत/अपूर्ण या अपात्रता पाए जाने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा।

आवेदक का नाम एवं हस्ताक्षर

दिनांक :

स्थान :